





# खेलगांव हाउसिंग कांप्लेक्स के फ्लैट में चोरी

## फ्लैट के लोग गये हुए थे बाहर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के खेलगांव हाउसिंग कांप्लेक्स में दो फ्लैट का ताला तोड़ कर चोरी हुई। सीसीटीवी में इसे अंजाम देने वाले पांच चोर दिख रहे हैं। हालांकि सभी ने मुंह पर कपड़ा बांध रखा है, इसलिए उनकी पहचान अभी नहीं हो पायी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना बुधवार रात 2.15 बजे की है। सेक्टर-2 के ब्लॉक-3 में बंद पड़े दो फ्लैट को चोरों ने निशाना बनाया। फ्लैट के मालिक शहर के बाहर गये हुए हैं। पड़ोस के फ्लैट के लोगों ने जब गुरुवार दोपहर को दरवाजे का ताला टूटा देखा, तो इसकी जानकारी पुलिस और फ्लैट मालिक को दी।



फिलहाल क्या-क्या चोरी गयी है, इसकी जानकारी नहीं मिली थी। क्योंकि फ्लैट में रहनेवाले लोग शहर के बाहर हैं और लौट कर नहीं आये हैं।

बतातें चलें कि खेलगांव सोसाइटी राजधानी के एक प्रतिष्ठित सोसाइटी में से एक है। यहां कई उच्चाधिकारी भी रहते हैं। सोसाइटी में पिछले कई दिनों से अधिकारियों के बीच खींचतान चल रही है। इस वजह से सुरक्षा समेत सारी व्यवस्थाएं यहां चरमारा गयी हैं। यहां के निवासी सोसाइटी मैनेजमेंट के कार्यकलाप से परेशान हैं। मामला कोर्ट तक गया हुआ है। पिलहाल चोरी की घटना से यहां के निवासी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। सीसीटीवी में चोर हथियारबंद दिख रहे हैं। सारी घटना सीसीटीवी में कैद है।

# अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा मुजफ्फरपुर जंक्शन

**पुनर्विकास कार्य तेजी से जारी है, उन्नत यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हाजीपुर।** रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया गया है। इस प्रयास के तहत एक बड़े कदम के रूप में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। इसके तहत पूर्व मध्य रेल के 97 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य विभिन्न चरणों में है।

इनमें सोनपुर मंडल का मुजफ्फरपुर स्टेशन भी शामिल है। निर्माण कार्य तेजी से करते हुए नॉर्थ साइड में अब तक तीन मंजिल कंबाइंड टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण पूरा हो चुका है। इस टर्मिनल को प्लेटफार्म नंबर 1, 6, 7 और 8 से जोड़ने वाले फुट ओवर ब्रिज का फाउंडेशन निर्माण



कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इसी तरह एलिवेटेड रोड के फाउंडेशन और पाये का लगभग 60 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसी तरह दक्षिण दिशा में प्रस्थान टर्मिनल बिल्डिंग के फाउंडेशन का 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। भविष्य की अनुमानित संख्या को ध्यान में रखते हुए सभी यात्री सुविधाओं का आकलन कर स्टेशन का डिजाइन तैयार किया गया है। स्टेशन पर ट्रेन में चढ़नेवाले यात्रियों के लिए एलिवेटेड रोड का प्रावधान किया जा रहा है, ताकि वे सीधे द्वितीय तल पर एयर प्लाजा में पहुंच जायेंगे। स्टेशन के दक्षिण तरफ सभी सुविधाओं से युक्त आगमन टर्मिनल और प्रस्थान टर्मिनल भवन बनाये जायेंगे। पश्चिम छोर पर कंबाइंड टर्मिनल के रूप में तीसरा टर्मिनल भवन भी बनाया जा रहा है। आम यात्रियों के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग यात्रियों के लिए भी सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जायेंगी। इस परियोजना के पूरा होने के बाद मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन एक आधुनिक ट्रांसपोर्टेशन हब के रूप में उभरेगा, जो क्षेत्र के समग्र विकास में अपना योगदान देगा।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज के एनसीसी और एनएसएस कैडेटों ने निकाला कैंडल मार्च

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 1/3 कंपनी एनसीसी, सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची ने एनएसएस के सहयोग से 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले में अपनी जान गंवानेवाले शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च का आयोजन किया। बता दें कि उस दिन एक आत्मघाती हमलावर ने जम्मू कश्मीर के पुलवामा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों के काफिले को निशाना बनाया, जिसमें 40 जवान वीरगति को प्राप्त हुए। उस शहादत



की याद में मनाया जानेवाला 'ब्लैक डे' शहीदों का सम्मान करता है और आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। नागरिक, नेता और सशस्त्र बल शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हैं, उनके सर्वोच्च बलिदान को याद करते हैं। पुलवामा हमला राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत और आतंकवाद के खिलाफ चल रहे संघर्ष की दर्दनाक याद दिलाता है। यह सुनिश्चित करने के लिए भारत के संकल्प को भी मजबूत करता है कि ऐसी त्रासदियां दोबारा न हों।

कैंडल मार्च में 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें 150 एनसीसी कैडेट और 100 एनएसएस कैडेट शामिल हुए। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ प्रिया श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कैंडल मार्च को सफल बनाया गया।

# जेसीआइ के शिविर में 25 लोगों ने किया रक्तदान




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेसीआइ रांची की ओर से हरिओम टावर के पास गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 25 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदान करने वालों में युवा, महिला और छात्र-छात्राएं शामिल थीं। लोगों को रक्तदान करने का महत्व बताया गया। अध्यक्ष प्रतीक जैन, नितिन पोद्दार, साहित्य पवन, किशन अग्रवाल, अभिषेक जैन, सनी केडिया व अन्य मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### हरिहर सिंह रोड में अमूल प्रतिष्ठान का उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। गुरुवार को हरिहर सिंह रोड के तेतरटोली में अमूल प्रोडक्ट के आउटलेट की शुरूआत की गई। इस संबंध में प्रोपराइट राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इसकी शुरूआत करने का मुख्य उद्देश्य है कि पूरे बरियातू क्षेत्र के लिए अमूल के सभी डेयरी उत्पादों को उपलब्ध कराना। इस प्रकार का यह पहला प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह हरसंभव कोशिश होगी कि अमूल से जुड़े सभी उत्पाद प्रतिष्ठान में उपलब्ध हों।मौके पर राजीव कुमार सिंह, किरण सिंह, डॉ एके सिंह, सुनीता सिंह, श्वेता सिंह, डॉ प्रीतम कुमार, श्री दीपक विद्यार्थी, डॉ आरके शर्मा, डॉ आरसी झा, डॉ राजेश कुमार सिंह समेत शहर के अन्य गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी रही।

### पंजाब नेशनल बैंक ने किया एमएसएमइ ऋण एक्सपो का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। पंजाब नेशनल बैंक, रांची मंडल द्वारा 13 फरवरी को होटल कैनेलाइट, साकची, जमशेदपुर में एमएसएमइ ऋण एक्सपो का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि विजय आनंद मुनका, अध्यक्ष, चेंबर ऑफ कॉमर्स, पूर्वी सिंहभूम के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीएनबी प्रधान कार्यालय, दिल्ली से सहायक महाप्रबंधक विपुल कुमार वर्मा भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस एक्सपो का संचालन पीएनबी रांची मंडल के उप मंडल प्रमुख नितिन कुमार बंका द्वारा किया गया। इस एक्सपो का उद्देश्य ग्राहकों के व्यावसायिक सपनों को सशक्त बनाने, व्यवसाय हेतु विशेष एमएसएमई उत्पादों और योजनाओं की जानकारी प्रदान करने, डिजिटल माध्यम से पीएनबी जीएसटी एक्सप्रेस और पीएनबी ट्रेड ग्रोथ जैसे एमएसएमइ ऋण तुरंत स्वीकृति प्रदान करने की सुविधा उपलब्ध कराना था। इसमें काफी ग्राहकों ने बड़ी उत्साह एवं उमंग के साथ इस एक्सपो में आए और इसका लाभ उठाया। इस अवसर पर सीएससी प्रमुख रोशन कुमार, मंडल कार्यालय से मुख्य प्रबंधक राजेश कुमार झा, पीएलपी प्रमुख परविंदर कुमार, मुख्य प्रबंधक साकेत कुमार और शाखाओं के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

### श्रीश्री श्याम निशान अमृत महोत्सव में सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम परिवार रांची द्वारा आयोजित श्री श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव 2025 में गुरुवार को सुंदरकांड पाठ आयोजन हुआ। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से महोत्सव का शुभारंभ श्री गणेश पूजन, श्री श्याम प्रभू एवं हनुमानजी महाराज का निशान पूजन के साथ सुबह 10 बजे से किया। संध्या 6 बजे से सुरेश बजाज के नेतृत्व में पुरूष एवं महिलाओं द्वारा सुंदर कांड का पाठ किया। इसमें श्री हनुमानजी के भजन - वानर बाको रे लंका नगरी... थारे झांझ नगाड़ा बाजे रे सालासर के मंदिर में... जैसे भजनों का रस स्वादन सभी भक्तों द्वारा किय गया। सुंदरकांड प्रसंग के माध्यम से श्री हनुमानजी महाराज को भांति-भांति के फलों का भोग लगाया गया। श्री श्याम परिवार रांची के अध्यक्ष श्रवण जालान, मंटू जालान, पवन शर्मा, कमल जालान, जयदीप राज, अजय वशिष्ट, आशीष शर्मा, पंकज शर्मा बालचंद जैन, महोत्सव संयोजक प्रकाश दालानियां उपस्थित थे। उयह जानकारी अमित चौधरी ने दी।

# शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 'फ्रेशर डे' का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में गुरुवार को सत्र (2024-26) के प्रशिक्षणार्थियों का 'फ्रेशर डे' बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर नये प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत किया गया और उन्हें कॉलेज जीवन के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का उद्देश्य नये प्रशिक्षणार्थियों को कॉलेज के माहौल से परिचित कराना और उन्हें आनेवाले वर्षों के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों, जैसे डांस और संगीत की प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के सचिव डॉ पीके वर्मा ने महाविद्यालय को नेक द्वारा



ग्रेड बी मिलने पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्रों को बधाई देते हुए जीवन में बैलेंस बना कर चलने को कहा। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

डॉ अभिषेक नाग ने विभिन्न खेल पुरस्कारों के नाम की घोषणा की। मिस्टर फ्रेशर अंशुमन कुमार और मिस फ्रेशर पूजा सिंह मुंडा को चुना गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन सुनील कुमार सहाय, सचिव डॉ पीके वर्मा, नसीम अख्तर, सज्जाद अख्तर, डॉ संजय मिश्रा और सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

# अभ्यर्थियों ने किया जेपीएससी का पिंडदान, कहा- नहीं मिला जल्द अध्यक्ष तो विरोध तेज करेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर छात्रों का आंदोलन तेज हो गया है। गुस्से में छात्र नक्सली बनने की बात कर रहे हैं। जेपीएससी गेट पर छात्र नेता सत्यनारायण शुक्ला के नेतृत्व में छात्रों ने पिंडदान और ब्रम्हभोज कर अपना विरोध दर्ज किया और राज्य सरकार से जल्द ही व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

जेपीएससी वह पहली संस्था है, जहां अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने के छह महीने बाद भी अब तक न तो नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है और न ही कोई कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आयोग में 22 अगस्त 2024 से अध्यक्ष का पद



खाली पड़ा हुआ है। तत्कालीन अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा सहित आधा दर्जन से अधिक परीक्षाएं लटकी हुई हैं। इन लटकी परीक्षाओं में सबसे ज्यादा परेशानी 11वीं से 13वीं सिविल सेवा के मुख्य परीक्षा में शामिल छात्रों को हो रही है। छात्रों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण उनकी तैयारी और भविष्य दांव पर लग गया है।

छात्रों ने सरकार से मांग की है कि जेपीएससी में जल्द से जल्द अध्यक्ष की नियुक्ति की जाये, ताकि परीक्षा प्रक्रिया में कोई और विलंब न हो और छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

# ट्रेड फेयर बना आकर्षण का केंद्र, हजारों पहुंचे

**झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स की संयुक्त पहल**

**मोरहाबादी मैदान में हो रहा इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स का संयुक्त तत्वावधान में मोरहाबादी मैदान में आयोजित 16वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में रांचीवासियों का जबरदस्त रिस्पांस मिल है। गुरुवार को भी ट्रेड फेयर में लोगों की भीड़ उमड़ी। सभी स्टॉलों में खरीदारों की भीड़ देखने को मिल रही है। लोग फेयर में मिल रहे ऑफर्स का लाभ उठा रहे हैं। वहीं, तीन हजार से अधिक की खरीदारी पर सुनिश्चित उपहार दिये जा रहे। ट्रेड फेयर में लगे लाइफस्टाइल हैंगर में बांग्लादेश का बना शर्ट, हुडी, जैकेट, ट्राउजर्स, कार्गो पेंट, वूलेन पायजामा बिक रहा है। शर्ट 600 से 700 रुपये, जैकेट 900, हुडी 700 रुपये में मिल रहा है। वहीं, लद्दाख से साड़ियों का कलेक्शन भी महिलाओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां एक हजार




### विधायक सीपी सिंह ट्रेड फेयर पहुंचे, की तारिफ

गुरुवार को रांची विधायक सीपी सिंह ट्रेड फेयर पहुंचे। उन्होंने ट्रेड फेयर के विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया। विधायक ने कई उत्पादों की जानकारी ली और खरीदारी भी की। उन्होंने झारखंड चैंबर के इस आयोजन की तारिफ की और कहा कि रांची में ट्रेड फेयर के माध्यम से व्यापार को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू भी ट्रेड फेयर का भ्रमण किया। इस अवसर पर झारखंड चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, विकास विजयवर्गीय, कार्यकारिणी सदस्य अमित शर्मा, प्रवीण लोहिया, आस्था किरण, आनंद जालान, साहित्य पवन, प्रमोद सारस्वत, किशन अग्रवाल, शशांक भारद्वाज, अरूण भरतीया, सौरव अग्रवाल, विशाल सिन्हा, आलोक कुमार, सुबोध जायसवाल आदि मौजूद थे।

रुपये की शुरुआती कीमत पर साड़ियां मिल रही है। साथ ही सूरत की साड़ी भी लोगों को भा रहा है। सूरत की साड़ी 250 से लेकर एक हजार रुपये तक में बिक रहा है। ट्रेड फेयर में अलग अलग फ्लेवर का हलवा बिक रहा है। इनमें ब्लैक करी, केला, नारियल, अनार, अन्ननास, खजूर, अंगूर, शहर, आम का हलवा शामिल है। यह 800 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रहा है। लोग इन हलवा का स्वाद चख कर खरीदारी कर रहे हैं।

प्रोजेक्ट चेयरमैन अमित शर्मा और शैलेश अग्रवाल ने बताया कि ट्रेड फेयर में कई स्टॉल पर ऑफर्स दिये जा रहे हैं। लोग इन ऑफर्स का लाभ उठायें। आठ देशों के उत्पादों को एक छत के नीचे लाया गया है। लोग फेयर आयें और खरीदारी करें।

### फेयर में लगा फैशन का तड़का, काव्यांजलि का भी आयोजन

ट्रेड फेयर में गुरुवार को फैशन का तड़का लगा। क्वीन ऑफ ट्रेडिशनल मॉडलिंग शो का आयोजन किया गया। इसमें कई मॉडलों ने पारंपरिक ड्रेस पहन कर कैटवॉक किया। इसके अलावा फेयर में कविताओं की बौझार हुई। काव्यांजलि के तहत स्थानीय कवियों ने अपने कविताओं से लोगों को मनोरंजन किया। किसी ने वीर रास तो किसी ने हास्य कविताओं से लोगों को गुदगुदाया। शुक्रवार को पुराने गाने पर कई गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम शाम पांच बजे से प्रारंभ होगा। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

# 3 फ्लैट का ताला तोड़ लाखों उड़ा ले गये चोर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के पीतांबर रेजिडेंसी के तीन फ्लैट्स का ताला तोड़कर लाखों के गहने और रुपयों पर चोरों ने हाथ साफ किया है। राजधानी रांची में चोरों का उत्पादन लगातार जारी है। इस बार चोरों ने रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित पीतांबर रेजिडेंसी में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। पीतांबर रेजिडेंसी के फ्लैट नंबर 305, 401 और 402 में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। फ्लैट नंबर 401 में रहनेवाले अमित कुमार के ससुर का देहांत हो गया था। इसकी वजह से वह अपने परिवार के साथ हजारीबाग गये हुए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया।



अमित कुमार ने बताया कि उनके घर से 12 लाख के गहने और कुछ नगद पैसे चोर चुरा कर ले गये हैं। फ्लैट नंबर 305 और 402 में रहने वाले लोग अभी तक नहीं आ पाये हैं, इसलिए उनके यहां चोरी कितने की हुई है, इसकी जानकारी हासिल नहीं हो पायी है।

**तीनों फ्लैट का ताला तोड़ा :** पीड़ित अमित कुमार ने बताया कि उनके पड़ोसी के द्वारा उन्हें सूचना दी गयी कि उनके घर का ताला टूटा पड़ा है। जब वह घर पहुंचे, तो देखा अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। अलमीरा को चोरों के द्वारा तोड़ दिया गया। अलमीरा में काफी कीमती गहने रखे गये थे। सबको चोर अपने साथ लेकर चले गये। अमित कुमार ने बताया कि मामले को लेकर उन्होंने सदर थाना में एफआइआर दर्ज करायी है।

### सदर पुलिस जांच में जुटी

चोरी की वारदात की सूचना के बाद सदर पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि चोरी को लेकर पीड़ित परिवार के द्वारा आवेदन दिया गया है, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### लगातार हो रही हैं चोरियां

आपको बता दें कि राजधानी रांची में चोरी की वारदातों को लगातार अंजाम दिया जा रहा है और खासकर बंद घरों को सबसे ज्यादा निशाना बनाया जा रहा है।बुधवार को भी अज्ञात चोरों द्वारा रांची के बीआइटी इलाके में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। इससे पहले पुंदाग ओपी क्षेत्र के एकलव्य टावर में एक साथ चोरों ने पांच फ्लैट का ताला तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

# एनएसयूआइ ने राज्यपाल को सौंपा याचना पत्र, नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापक नियुक्ति रद्द करने की मांग

रांची (आजाद सिपाही)। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआइ ) ने राज्यपाल संतोष गंगवार को एक याचना पत्र सौंपा, जिसमें नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापक नियुक्ति पूर्णतः रद्द करने और जेपीएससी नियमावली से फ्रेस नियुक्ति करने की मांग की गयी। एनएसयूआइ के प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने राज्यपाल को बताया कि राज्यभर के विश्वविद्यालयों में अनुबंध पर आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति की जानी थी, लेकिन जेपीएससी द्वारा निर्मित नियमावली का अनुसरण नहीं किया गया। अहमद ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय में आवेदित अभ्यर्थियों के दस्तावेज की जांच हुई, तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आयेंगे। उन्होंने राज्यपाल से उक्त सभी मामलों पर निष्पक्ष जांच कराने एवं उक्त नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्णतः रद्द कर फ्रेस नियुक्ति कराने का आग्रह किया है।

# शॉर्ट सर्किट से घर में रखे डीजल में लगी आग, पति - पत्नी की मौत, बेटा घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सोनाहातू।** सोनाहातू थाना क्षेत्र के डिबाडीह में बुधवार की रात एक दिल दहला देने वाली घटना घटी, जिसमें एक शॉर्ट सर्किट के कारण पति-पत्नी जल गये। रात करीब 11 बजे रंजीत साहू, उनकी पत्नी मीणा देवी और उनका बेटा पुरण साहू अपने घर में सो रहे थे, तभी अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और घर में रखे डीजल में आग लग गयी। आग ने देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस आग में रंजीत साहू और मीणा देवी की जलकर दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि उनका बेटा पुरण किसी तरह घर से बाहर निकलने में सफल हुआ और उसने ग्रामीणों को जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी और दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोटलियों में बांधकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटनास्थल पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मृतक दंपत्ति के परिवार में कोहराम मच गया है, और इलाके में शोक की लहर है। विधायक अमीत महंतो घटनास्थल पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

# डीएवी किड्स स्पोर्ट्स का भव्य आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**खलारी।** डीएवी स्कूल खलारी में गुरूवार को किड्स स्पोर्ट्स 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल एनके एरिया महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण करके और डीएवी गान से किड्स स्पोर्ट्स का शुभारंभ किया। विद्यालय की छात्रा चंचल कुमारी ने सभी खिलाड़ियों को बिना किसी भेदभाव एवं पूर्वाग्रह के खेलों में भाग लेने की प्रतिज्ञा दिलायी। वहीं नन्हे खिलाड़ी वैभव ने मुख्य अतिथि के द्वारा प्रज्जवलित की गयी मशाल को मैदान का चक्कर लगाया। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों की हमारे जीवन में एक अहम भूमिका है। विद्यालय खेल एवं अन्य गतिविधियों में बच्चों की प्रतिभा को निखारने में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा है।वहीं किड्स स्पोर्ट्स के समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीआइएसएफ के सीनियर कमांडेंट संदीप कुमार एस ने सभी विजेताओं और प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई दी। सीनियर कमांडेंट संदीप कुमार एस ने सभी विजेताओं को मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही उन्होने डीएवी के राष्ट्रीय खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिनमें वॉलीबॉल खेल में अनुराग कुमार सिंह स्वण पदक विजेता, ताइक्वांडो में ईभा कुमारी रजत पदक विजेता, एरोबिक्स में पारुल कुमारी कांस्य पदक और अंशिका कुमारी रजत पदक, भारतोलन में हिमांशु कुमार मांझी कांस्य पदक विजेता रहे खिलाड़ी शामिल है। साथ ही इन खिलाड़ियों के माता-पिता को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने अपने उद्बोधन में विद्यालय के स्वर्णिम इतिहास के साथ साथ वर्तमान में शिक्षा के साथ खेल और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक मुकेश कुमार रॉय ने सत्र 2024-2025 में खेलों के क्षेत्र में विद्यालय के उल्लेखनीय प्रदर्शन पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने विद्यार्थियों के क्लस्टर, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बारे में बताया कि विद्यालय के कुल 242 छात्रों ने इन खेलों में भाग लिया था, जिनमें से 224 विद्यार्थियों ने मेडल जीतकर अपने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इतनी बड़ी संख्या में मेडल जीतना हमारे विद्यालय और क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इससे पुर्व प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने मुख्य अतिथि डी के गुप्ता एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। वहीं मुख्य अतिथियों के सम्मान में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। साथ ही सभी बच्चों ने खड़े होकर तालियां बजाकर मुख्य अतिथियों एवं अन्य गणमान्य लोगों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में सुपरवाइजरी हेड कंचन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। मंच संचालन अभिषेक दुबे एवं प्रेरणा सिंह ने किया।

# ट्रैफिक विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान, राहगीरों में बांटे हेलमेट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**ईचागढ़ ।** थाना क्षेत्र के मिलन चौक में गुरुवार को ट्रैफिक निरीक्षक अजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक अभियान चलाया गया। वहीं बिना हेलमेट पहने दर्जनों बाइक सवारों को हेलमेट पहनाकर हेलमेट पहन कर बाइक चलाने का अपील किया गया। लोगों को बिना हेलमेट पहने बाइक चलाने और बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चलाने के परिणाम के संबंध में जानकारी दिया गया। वही ट्रैफिक निरीक्षक अजय कुमार तिवारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिना हेलमेट पहने बाइक चलाने वालों को हेलमेट दिया गया। उन्होंने कहा कि सड़क हादसे में अधिकांश लोगों को सिर में चोट के वजह से मौत हुई है। हेलमेट पहनने से सर को चोट लगने से बचाया जा सकता है। मौके पर ईचागढ़ थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे सहित ट्रैफिक पुलिस आदि उपस्थित थे।

# अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए रांची जोन के आइजी तमाड़ पहुंचे



तमाड़( आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में अफीम की खेती के विनषटीकरण अभियान में रांची जोन के आइजी तमाड़ पहुंचे। ड्रोन कैमरे की फोटो से जमीन पर जाकर कई एकड़ में लगी अफीम की फसल को नष्ट किया। उन्होंने कहा कि अफीम लगी खेतों में पाये जाने लोगों को जेल भेजा जायेगा। उन्होंने अपील की कि आप अपने खेतों से अफीम को नष्ट कर दें।

# तमाड़ में हाथी ने बुजुर्ग को कुचल कर मार डाला

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ वन क्षेत्र के बारूडीह निवासी सिकंदर अहीर 80 वर्ष को हाथी ने पटककर मार डाला। घटना बुधवार रात आठ बजे की है, बाइक से तीन लोग रामानंद अहीर, कोलेबो अहीर और सिकंदर अहीर अपने घर बारूडीह जा रहे थे। इसी बीच जिलिगसेरेग के समीप सलगाडीह केनाल रोड़ पर एक हाथी के साथ उनका आमना सामना हो गया। अचानक सामने हाथी देख कर मोटरसाइकिल को जमीन पर पटककर सवार तीनों लोग भागने लगे। इसी बीच हाथी ने तीनों को पिछा करते हुए सिकंदर अहीर 80 वर्ष को सुड में लपेटकर जमीन मे पटक दिया। इससे वह बुरी तरह जख़्मी हो गये। रामानंद अहीर और कोलेबो अहीर भागने में सफल रहे। सिकंदर अहीर को मरा समझकर हाथी जंगल की ओर निकल गया। भागने के बाद दोनों ने तत्काल परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजनों ने घायलावस्था में सिकंदर को तमाड़ अस्पताल लाया, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर लिया और गुरुवार को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया।

# ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करना बंद करे सीसीएल प्रबंधन: सुनील

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खलारी।** सीसीएल डकरा परियोजना चुरी बस्ती के ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करना बंद करे। यंह कहना है रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा के अध्यक्ष सुनील यादव। सुनिल यादव ने कहा की डकरा साइडिंग से कोयले के धूल चूरी बस्ती के घरों में प्रदूषण का कारण बना हुआ है। घरों के छतों में धूल का परत जम जाता है। उन्होंने कहा कि पीने का पानी कुआ और तालाब प्रदूषित को रहा है। यहां के लोग ना चाहते हुए भी प्रदूषण का शिकार हो रहे है, जिससे कई तरह के बीमारी से ग्रस्त है। सीसीएल प्रबंधन नियमो को ताक में रख कर कोयले की उत्पादन कर रहा है। प्रदूषण को रोकने के नाम पर केवल स्प्रिंकलर लगा हुआ था जो पिछले एक साल से बंद है। डकरा साइडिंग से प्रदूषण रोकने के लिए प्रबंधन ठोस कदम उठाए नहीं तो रैयत विस्थापित मोर्चा उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होंगा। जिसका जिमेवारी सीसीएल प्रबंधन का होगा।

# किसानों के बीच मूंग बीज का वितरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** कृषि पशुपालन और सहकारिता विभाग द्वारा दलहन, और तिलहन योजना अंतर्गत किसानों के बीच मूंग बीज का वितरण किया गया। वीटीएम विकास तिर्की, विधायक प्रतिनिधि मंतोष कुमार मोनू, मुखिया पुतुल देवी, पुष्पा खलखो, शीला देवी, साबिर अंसारी, अनिल पासवान द्वारा प्रखंड के लपरा, मायापुर और राय के प्रति किसान चार किलो के दर से कुल 47 किसानों को बीज दिया गया।

मौके पर लोगो ने कहा कि यहां के किसान खेती बेहतर ढंग से कर सके, इसके लिए सरकार बीज उपलब्ध कराया है। कहा कि मूंग खेती की यहां अपार संभावना है। यहां के किसान मूंग की फसल उगा कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इस मौके पर राजेश गोप, चितरंजन सिंह, जावेद अंसारी, सूरज प्रधान मुंडा, किसान मित्र, माइकल धान, जयवीर यादव, नागेश्वर महतो, किसान शंकर मुंडा, शिवा उरांव, राजेंद्र उरांव, हरि उरांव, रुथ टोप्पो, उमेश उरांव, वासुदेव उरांव, संतोष उरांव, बीफा टाना भगत, अनिल उरांव और एतवरिया देवी सहित कई किसान उपस्थित थे।

# जेएसएमडीसी पर खनन विभाग की दबिश परमिट से लाखों सीएफटी अधिक बालू मिला



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ईचागढ़।** प्रखंड क्षेत्र के सोड़ो जारगोडीह जेएसएमडीसी के बालू घाट पर स्टोक यार्ड में खनन विभाग ने गुरुवार को दविश देकर बालू का मापी किया। उपायुक्त के निर्देश पर खनन निरीक्षक समीर कुमार ओझा ने जेएसएमडीसी के स्टॉक यार्ड में बालू का मापी कर परमिट से अधिक बालू भंडारण का भंडाफोड़ किया। उन्होंने कहा कि डेढ़ लाख सीएफटी बालू उठाने का परमीट का आवेदन प्राप्त है, जिसमें मापी के दौरान 3 लाख 20 हजार सीएफटी बालू पाया गया। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त बालू भंडारण पर विभागीय कार्रवाई किया जायेगा। जेएसएमडीसी के कर्मचारियों से पूछताछ से पता चला कि 38 हजार 4 सौ ही चालान काटा गया है। उन्होंने कहा कि ये जांच का विषय है। जांच कर कार्रवाई किया जायेगा। मालूम हो कि जेएसएमडीसी घाट से बालू खनन व भंडारण का ठेका संवेदक अनिल खिरवाल का है। बताया जा रहा है कि पहला परमिट डेढ़ लाख सीएफटी आवेदित है और संवेदक अनील खिरवाल को जेएसएमडीसी का घाट से स्टोक यार्ड तक निर्बंधित ट्रैक्टरों से बालू का भंडारण करना है। खनन विभाग के छापेमारी और अतिरिक्त बालू भंडारण के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होता है ।

# डकरा में त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की हुई बैठक




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** एनके एरिया त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक भी आई पी क्लब डकरा में महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई । बैठक में श्रमिक संगठनों के द्वारा उठाये गए समस्याओ पर चर्चा की गयी। जिसमे वर्कशॉप की झाड़ियों की सफाई, डंपरों के मरम्मत, कांट्रेक्टर मजदूरों का पहचान पत्र देने, स्कूल बस में खलासी, कामगारो के क्वार्टर की मरम्मत, इलेक्ट्रिक्स लाइट में गुणवत्ता, कांट्रेक्ट वर्कर की सेफ्टी पर ध्यान देने सहित खदान में पानी, हॉल रोड, लाइट, सहित कई अन्य सुरक्षा संबंधित बातों को उठाया गया। महाप्रबंधक ने सुरक्षा संबंधित सभी समस्याओं पर सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया और विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह, रोहिणी पीओ राजेन्द्र प्रसाद, पुरनाडीह पीओ शकील अख्तर, एसओपी ज्योति कुमार, श्रमिक प्रतिनिधि में शैलेश कुमार, गोलडेन प्रसाद यादव, ध्वजा राम धोबी, धीरज कुमार सिंह, पिंकू सिंह, एरिया सेफ्टी मैनेजर अखिलेश्वर प्रसाद, एसपी निगम, पी बेहरा, अनमोल, डॉ श्वेता सुमन, नीतीश झा सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

# आज बुंडू में रक्तदान शिविर का आयोजन

बुंडू (आजाद सिपाही)। मानव सेवा संस्था बुंडू के मौसी बाड़ी मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को भारत के वीर जवान पुलवामा हमले में शहीद हुए उनकी याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर में रक्तदान के अलावा आंखों का इलाज भी किया जायेगा। संस्थापक रोशन कुमार महतो ने कहा कि बुंडू में पहली बार मानव सेवा संस्था के द्वारा रक्तदान शिविर और आंखों का निःशुल्क इलाज होगा। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष शुभम कुमार उर्फ गोलू और सचिव जीतु कुमार ने कहा कि बुंडू और तमाड़ के गन्य मान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। शिविर में मुख्य अतिथि आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरि नारायण सिंह और बुंडू एसडीओ किस्टो कुमार बेसरा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर संस्था के कार्यकर्ता लगे हुए हैं।

# स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में खूंटी अव्वल तीन करोड़ की पुरस्कार राशि से सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** स्वास्थ्य और पोषण क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने पर नीति आयोग ने खूंटी जिले को तीन करोड़ की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया है। खूंटी जिले में स्वास्थ्य और पोषण क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन रहा। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, बुनियादी ढांचा, कृषि, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास जैसे पांच प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति की निगरानी करता है। इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले को प्रोत्साहन के रूप में अतिरिक्त संसाधन जाते हैं, ताकि विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी तरीके से संचालित किया जा सके।

खूंटी जिले ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य एवं पोषण में उल्लेखनीय प्रगति की है। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे जिले के लिए गर्व का क्षण है। यह पुरस्कार जिला प्रशासन के प्रयासों का परिणाम है। पुरस्कार राशि का उपयोग जन कल्याणकारी योजनाओं को गति देने और क्षेत्र में जीवन स्तर को बेहतर एवं सुदृढ़ बनाने के लिए किया जायेगा। उन्होंने जिला प्रशासन की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने और विकास में पारदर्शिता बनाये रखने का प्रमाण है।

# अफीम लगे खेत में काम कर रहे पांच आरोपित गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** अफीम की खेती के खिलाफ खूंटी जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान अफीम की खेत में काम कर रहे पांच लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपितों में खूंटी थानांतर्गत डेबोडीह गांव निवासी जाड़े मुंडा (50 वर्ष), चामडीह गांव में रहने वाले राम मुंडा(52 वर्ष), लटरजंग गांव निवासी फगुआ मुंडा(50 वर्ष) तथा ग्राम कुरकुटिया निवासी जोशी कच्छप (41 वर्ष) और सुशील होरो (42 वर्ष) शामिल हैं। यह जानकारी पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय अखिल नीतीश कुजूर ने गुरुवार को खूंटी थाना परिसर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। डीएसपी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को यह गुप्त सूचना मिली थी कि खूंटी थाना क्षेत्र के ग्राम पोसेया , चामडीह, कुरकुटिया एवं लटरजंग के जंगल और झाड़ियों से घिरे जमीन पर भारी मात्रा में अफीम की खेती की गयी है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए खूंटी थाना प्रभारी मोहन कुमार के नेतृत्व में गठित छापामार टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां छापामारी की और अवैध अफीम की खेत में सिंचाई का काम कर रहे उक्त पांचों आरोपितों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी ने कहा कि अवैध अफीम की खेती के खिलाफ जिला पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। डीएसपी ने ने बताया कि अफीम विनष्टीकरण अभियान के दौरान ग्रामीणों को लगातार जागरूक भी किया जा रहा है। विभिन्न थाना क्षेत्रों के कई गांवों में ग्रामीण जागरूक भी हुए हैं और स्वयं से अफीम की फसल को नष्ट करने लगे हैं। डीएसपी ने कहा कि अगर ग्रामीण स्वयं से अफीम की फसल को नष्ट करेंगे तो उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जायेगी। और अगर पुलिस अफीम की खेती को नष्ट करती है तो जमीन मालिकों के साथ ही खेती करने वाले ग्रामीणों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। अफीम की अवैध खेती में संलिप्त पाये जाने पर किसी को भी बक्शा नहीं जायेगा। छापामार टीम में खूंटी थाना प्रभारी मोहन कुमार के अलावा खूंटी थाना के एसआइ सीताराम दांगी, एसआइ आदित्य कुमार, एएसआइ पंचम उरांव समेत अन्य आरक्षी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## अब तक 60 लोगों की हुई गिरफ्तारी

डीएसपी ने बताया कि अवैध अफीम की खेती के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अफीम की खेत में काम कर रहे 60 आरोपितों की अब तक गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान पुलिस द्वारा अब तक 5852 एकड़ में लगी अफीम की फसल को पूरी तरह से नष्ट किया गया है। दूसरी ओर ग्रामीणों द्वारा स्वयं से 621 एकड़ में लगी अफीम की फसल को नष्ट किया गया है।

# अफीम की खेती के खिलाफ लोगों को किया गया जागरूक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को कर्रा बाजार समेत अन्य क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अवैध अफीम की खेती के दुष्प्रभावों से आमजनों और किसानों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को अवैध खेती को छोड़कर वैकल्पिक एवं लाभकारी फसलों की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि अवैध अफीम की खेती न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह समाज और स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। किसानों को समझाया गया कि वे अफीम की खेती को छोड़कर ड्रैगन फ्रूट, टमाटर, बैगन, मूंग जैसी लाभकारी फसलों की खेती करें, जिससे उनकी आजीविका भी सुरक्षित रहे और समाज में सकारात्मक बदलाव आये। जिला प्रशासन खूंटी का यह अभियान स्थानीय किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रेरित करने एवं क्षेत्र में सतत कृषि विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस दौरान किसानों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही कृषि योजनाओं और तकनीकी सहायता की जानकारी भी दी गयी।

# पुलिस ने बुंडू थाना क्षेत्र में 70 एकड़ भूमि पर लगी अफीम की खेती को नष्ट किया



बुंडू ( आजाद सिपाही)। पुलिस ने गुरुवार को बुंडू थाना क्षेत्र के बारूहातु,बुचाडीह और तिलाईपीड़ी गांव में लगभग 70 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया। इस अभियान में बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा, प्रेम प्रदीप कुमार, राहुल कुमार मेहता के अलावे जैप और सैप के जवान शामिल थे।

# महिलाओं को डायन कहकर प्रताड़ित करना कानूनन अपराध : रिता महली

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन को लेकर नगड़ी में हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के न्यायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन में गुरुवार को जस्टिस-ऑन-व्हिल मोबाईल वैन नगड़ी प्रखंड पहुंचा। वहां, ललगुटुवा पंचायत भवन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर एलएडीसी डिप्टी चीफ कविता कुमारी खाती ने कहा कि 22 फरवरी को रांची व्यवहार न्यायालय में विवाह व एनआई एक्ट वादों के संबंध में विशेष लोक अदालत का



झालसा विधिक कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण और अन्य गणमान्य लोग।

आयोजन किया जाना है। जिसमें विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधि वादों का निस्तारण किया जायेगा। कविता खाती ने बाल-विवाह, बाल श्रम, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या एवं नालसा 10 स्कीम के बारे में बी बताया। उन्होंने आठ मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी। कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए न्यायालय से वादकारियों को नोटिस भेजा जा रहा है। वहीं, डालसा सचिव ने पीएलवी को संबंधित पोस्टर, बैनर प्रखंड, पंचायत एवं अन्य जनसमूह वाले जगहों में लगाने को कहा, ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सके। वहीं, पीएलवी रिता कुमारी महली ने कहा कि महिलाओं को डायन कहना और उसे प्रताड़ित करना कानूनन अपराध है। इसमें सजा का भी प्रावधान है। प्रायः गांवों में सुनने-देखने को मिलता हैं कि महिलाओं को डायन कह कर उनकी हत्या कर दी जाती है, जो कि गलत है। रिना देवी ने आदिवासियों के अधिकार, मानवता, कर्तव्य, तृप्ति, समाजिक सुरक्षा आदि विषयों पर जानकारी दी। कहा कि आप अपने अधिकारों को जाने और उसका लाभ प्राप्त करें। मजदूरों को निबंधन कराना आवश्यक है। इस मौके पर एलएडीसी डिप्टी चीफ कविता कुमारी खाती, पीएलवी रिना लिंडा, सनम कुमारी, तनवीर अंसारी, रीता कुमारी महली, फुलमनी देवी एवं रीना देवी उपस्थित थे।

# ओरमांझी प्रखंड सभागार में आइएफसी उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**ओरमांझी प्रखंड में पांच समेकित किसान संकुल का हुआ गठन, जिसके तहत चयनित किसान को चार से पांच आजीविका गतिविधि से जोड़ा जायेगा**



**रांची (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी प्रखंड सभागार में गुरुवार को एक दिवसीय आइएफसी उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरूआत ओरमांझी बीडीओ कामेश्वर बेदिया, सीओ उज्जवल कुमार सोरेन, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, खिजरी विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि प्रेम नाथ मुंडा, मुखिया सीता तिर्की, चंद्रा पंचायत मुखिया रोजलीना लकड़ा, मुखिया सदमा, सुनील उरांव, मुखिया रमेश बेदिया, मनरेगा बीपीओ दीपमाला तिर्की एवं पलाश जेएसएलपीएस बीपीएम नदीम अहमद, प्रशांत कुमार व बीपीओ कनीज फातमा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला का संचालन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक नदीम अहमद ने किया, जिसमें उन्होंने बताया कि ओरमांझी प्रखंड में कुल पांच समेकित किसान संकुल का गठन किया गया है। इसके तहत चयनित किसान को चार से पांच आजीविका गतिविधि से जोड़ा जायेगा। सभी किसान की आय 1.5 लाख से दो लाख रुपये कराना है। परियोजना 36 माह तक चलेगा। इसमें किसानों को समेकित कृषि सेक्टर के सफल मॉडल को अपनाया जायेगा। प्रदान संस्था से धीरज घोष द्वारा इस प्रोजेक्ट के तकनीकी पहलू पर चर्चा की गयी। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में सीसी डोली देवी, संजीव कुमार, एफडीसी मोबीन खान, अनीता कुमारी, मौसमी देवी दीप मंडल कुमार, शबनम आरा, राजीव लोहरा पलाश जेएसएलपीएस से और चारों संकुल संघ की सदस्य दीदी और आजीविका सखी मंडल से जुड़ी दीदी का सराहनीय योगदान रहा।

# बबलू उरांव बुढ़मू प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि मनोनीत



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** कांके विधायक सुरेश बैठा ने ठाकुरगांव चापाटोली निवासी बबलू उरांव को बुढमू प्रखंड का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। साथ ही सरवर आलम को जल संसाधन और राजेंद्र यादव को कृषि एवं पशुपालन प्रतिनिधि मनोनीत किया है। तीनों को विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर झामुमो नेता शमीम बड़ेहार, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष बलराम साहू, अख़्तर हुसैन, गौरी शंकर महतो, अशोक महतो, राजू उरांव, शिव शंकर उरांव, श्यामलाल पाहन, आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक को धन्यवाद दिया है।

# भाजपा नेता बिक्कू सिंह के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें तेज

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम बाजार पतरा टोली निवासी भाजपा नेता बिक्कू सिंह जल्द ही कांग्रेस का दामन थाम सकते है। उन्होंने गुरुवार को आजाद सिपाही से खास बातचीत में कहा कि राजनीति में बदलाव जरूरी होता है। अगर जनता और कार्यकर्ता चाहते है कि मैं कांग्रेस में जाऊं, तो मैं इस पर गंभीरता से विचार कर रहा हूं। उन्होंने यह भी कहा कि वे अपने समर्थकों और परिवार से विचार-विमर्श करने के बाद जल्द ही अंतिम फैसला लेंगे। गौरतलब है कि बिक्कू सिंह



भाजपा में अपनी अनदेखी से नाराज चल रहे है। वे लंबे समय से पार्टी के लिए काम कर रहे है, लेकिन हाल के दिनों में उन्हें कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नहीं दी गई, जिससे वे असंतुष्ट है। कांग्रेस से मिल रहे सकारात्मक संकेतों के बाद उन्होंने दूसरी पार्टी में जाने का मन बनाया है। इसे लेकर झारखंड कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि अगर बिक्कू सिंह हमारे साथ आते है, तो इससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। क्योंकि बिक्कू सिंह पूर्व में कांग्रेस में रह चुके है और वे जमीन से जुड़े हुए नेता है। उनका अनुभव कांग्रेस के लिए लाभदायक साबित हो सकता है।

# 'मातृभाषा की आवश्यकता और महत्व' विषय पर कार्यशाला का आयोजन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** रामटहल चौधरी महाविद्यालय में मातृभाषा की आवश्यकता एवं महत्व विषय पर गुरुवार को जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग नागपुरी एवं खोरठा भाषा विभाग की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ ही प्राध्यापक डॉ सुमन कुमार के वक्तव्य से हुआ। इसमें कॉलेज के प्राचार्य डॉ भीम महतो एवं उपप्राचार्य योगेंद्र ठाकुर ने विषय वस्तु पर अपने विचार रखें। उन्होंने मातृभाषा की महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि मां, माटी और मातृभाषा का सामान करना चाहिए। कार्यशाला में शंकर गंझू, निशा कुमारी, रानी कुमारी, सुदेश कुमार, रानी कुमारी, ओमप्रकाश महतो आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन खोरठा भाषा विभाग के प्रोफेसर नीतू कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन नागपुरी भाषा विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर प्रेमनाथ मुंडा ने किया। इस मौके पर प्रो मिश्र, रीता कुमारी, अशोक कुमार, रामकुमार महतो, गफ्फार अंसारी, इमरान अंसारी, अनिल, दुली किसकु, कमला सरोज, अलका तिर्की और रामनरेश पांडे आदि उपस्थित थे।

# जैक बोर्ड परीक्षा : गृह विज्ञान की परीक्षा में अनुपस्थित रहीं तीन छात्राएं

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से आयोजित 10वीं बोर्ड की परीक्षा में गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के शामिल परीक्षार्थियों में से गृह विज्ञान की परीक्षा में तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित रही। इसमें प्रखंड मुख्यालय में बनायी गयी कुल पांच परीक्षा केंद्रों में बेड़ो राजकीय मध्य विद्यालय बालक में 95 में एक, राजकीय मध्य विद्यालय बालिका में 73 में से दो अनुपस्थित रहीं। छात्राओं ने सीसीटीवी की निगरानी में कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा दी। वहीं, शांति पूर्ण ढंग से कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को लेकर परीक्षा केंद्रों पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से शिक्षक नियुक्त किये गये है। वहीं, करम सिंह महतो को प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बेड़ो, हेंनरीता मिंज को एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय, तरुण कुजुर को राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बेड़ो, मुक्ति रानी खलखो को राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मुक्ति रानी खलखो को केंद्राधीक्षक बनाया गया है। मैट्रिक की परीक्षा अगले तीन मार्च तक ली जायेगी।

# सिरका नयाटोली में श्रीश्री बजरंग बली मंदिर के वार्षिक महोत्सव का हुआ समापन

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिरका ग्राम के नया टोली में श्रीश्री बजरंग बली मंदिर निर्माण का 13वां तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव आचार्य दिवाकर पाठक के हाथों भंडारा के साथ समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व संसद राम टहल चौधरी के अलावा भाजपा रांची के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, कामेश्वर महतो, कलेश्वर महतो शामिल हुए श्री श्री बजरंग



बली का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष जगेश्वर महतो, सचिव राजेश सिंह, कोषाध्यक्ष आशेष्वर मुंडा, संरक्षक धर्मनाथ महतो, धर्मेंद्र सिंह, सदस्य फलिंद्र महतो, मदनलाल महतो, कर्मलाल महतो, लखी सिंह, सुखराम सिंह, दिलीप महतो, ब्रजेश सिंह, कमलू महतो, राजेंद्र महतो, नेवालाल महतो, जगनू महतो, दिनेश्वर महतो आदि ने महत्वपूर्ण सहयोग किया।

# हरदाग के सिलादोन गांव में झामुमो पंचायत समिति का गठन, नफीस अंसारी बने अध्यक्ष



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झामुमो प्रखंड समिति संयोजक मंडली की ओर से गुरुवार को नामकुम प्रखंड के हरदाग पंचायत स्थित सिलादोन गांव में पंचायत समिति का गठन किया गया। इस दौरान गांव में झामुमो का सदस्यता अभियान भी चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और पंचायत स्तर पर झामुमो की नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता संयोजक मंडली प्रमुख मो मोजाहिद हुसैन ने की। वहीं, पंचायत समिति का अध्यक्ष नफीस अंसारी, उपाध्यक्ष नदीम अंसारी, जावेद अंसारी, सचिव प्रेम कमल तिर्की, संगठन सचिव इम्तियाज अंसारी, संयुक्त सचिव नौशाद अंसारी, कोषाध्यक्ष सुरेश लकड़ा को बनाया गया। मौके पर प्रखंड संयोजक मंडली के पदाधिकारी मो मोजाहिद हुसैन, महादेव मुंडा, ओलीभा कछप, नफीस अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# बेड़ो में हाथियों का उत्पात जारी, कराह रहे किसान



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गांवों में जंगली हाथियों के झुंड का उपद्रव बदस्तूर जारी है। इससे ग्रामीण व किसान परेशान हैं। पिछले एक महीनों से जंगली हाथियों ने क्षेत्र में उत्पात मचा रखा है। प्रतिदिन शाम होते ही हाथी गांव में प्रवेश कर ग्रामीणों के आशियाने को तोड़कर व खेतों में फसलों को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर रहे है। ग्रामीणों को हर दिन जान माल का खतरा बना रहता है। वन विभाग की ओर से सुरक्षा व हाथी को भगाने की मांग बेकार साबित हो रही है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। वहीं, गांव के लोग हमेशा हाथियों के डर से दहशत में रह रहे हैं। इनकी सुरक्षा का भरोसा देने के लिए कोई सामने नहीं आ रहा है। गांव के लोग रात में खुद ही रात जग कर अपनी सुरक्षा कर रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार की रात को भी पांच हाथियों के झुंड ने प्रखंड के नगड़ी टोली गांव में प्रवेश किया और रोहित कुजूर के एक एकड़ में लगे गेहूं की फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। गुरुवार की सुबह जब किसान अपने खेत पहुंचे तो हालत देख हताश व निराश हो गए। इधर, ग्रामीणों व किसानों का कहना है कि गांव में लोग हाथियों के आतंक से परेशान और भयभीत हैं। लेकिन प्रशासन और वन विभाग इनकी सुध नहीं ले रहा है। गांव वालों की मानें तो हाथी ने गांव के पास के जंगलों में ही बसेरा बना लिया है और रात होते ही गांव के घरों व फसल को निशाना बनाते हैं। वहीं जंगली हाथियों का उत्पात से रतजगा कर रहे किसान व ग्रामीणों का कहना है कि किसानों की नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन जल्द उपाय करे।

# चपाड़ी गांव के रेलवे ट्रैक से व्यक्ति का शव बरामद

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** नरकोपी थाना क्षेत्र के चपाड़ी गांव के रेलवे ट्रैक के पोल संख्या 458/12 एवं 458/13 के बीच गुरुवार की सुबह 10.30 40 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। ट्रेन की अपेट में आने से इसकी मौत हुई है। नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव ने बताया कि उसकी पहचान करकरी नवा टोली गांव के भनेश्वर उरांव के रूप में हुई गई। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें जीआरपी से मिली है। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार को रिम्स अस्पताल भेजा जाएगा। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया।

# जनजाति समाज के कार्यक्रमों को लेकर बैठक



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** 19 वीं रोहतास गढ़ तीर्थ यात्रा कार्यक्रम में शामिल होकर लौटते के क्रम में गुरुवार को नगड़ी प्रखंड अंतर्गत स्वर्णरेखा परिसर में रवि प्रकाश उरांव की अध्यक्षता में जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक हुई। जिसमें जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक सह छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री गणेश राम भगत ने अप्रैल महीना में पूरे देशभर से जनजाति समाज के प्रमुख लोग के लिए दो दिवसीय कार्यशाला दिल्ली में आयोजित की गई है। इसके बाद डीलिस्टिंग की मांग को लेकर विशाल रैली दिल्ली में आयोजित होगी। जिसमें जनजाति समाज के लाखों लोग हिस्सा लेंगे। क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव ने कहा कि झारखंड, बिहार एवं संथाल परगना में कार्यशाला को सफल बनाने के लिए प्रदेश स्तर पर जनजाति प्रमुखों की बैठक कर दिल्ली जाने के लिए सूची जारी की जायेगी। इस मौके पर प्रांत संयोजक हिंदूवा उरांव, प्रदेश युवा संयोजक सन्नी उरांव, नगड़ी प्रखंड संयोजक साजन मुंडा, युवा संयोजक बलवंत तिर्की, संजय मुंडा, प्राची भगत, शिवा कच्छप व पवन केशरी आदि उपस्थित थे।

# राज्यपाल से कुरमी जाति को अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध करने की मांग की

## विधायक की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झारखंड कुरमी महासभा का 15 सदस्यीय एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला। उन्हें एक ज्ञापन सौंपकर कुरमी/कुड़मी (महतो) जाति को अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में विधायक रोशनलाल चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष कुमेश्वर महतो, प्रदेश महासचिव कारीनाथ महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन महतो, संयुक्त सचिव देवकी महतो, रामलाल महतो, धनंजय कुमार, चंद्रमोहन चौधरी, सकलनाथ महतो, महेंद्र महतो, राष्ट्रीय पदाधिकारी बीएस निरंजन, सीएल गंगवार, नीलम निरंजन, चित्रलेखा गंगवार एवं अनिल कुमार पटेल शामिल थे। बाद में



झारखंड कुरमी महासभा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रांची के हरमू स्थित पटेल भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कुमेश्वर महतो और संचालन कारीनाथ महतो ने किया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कुरमी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएस निरंजन के अलावा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीएल गंगवार एवं ब्रजकिशोर गांधी थे। बैठक में झारखंड में जातीय जनगणना करवाने, टोटोमिक कुरमी/कुडमी (महतो) जाति को अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध करने तथा कुरमाली भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की गई। इसके अलावा कई अन्य निर्णय लिए गए। बैठक में सूरज महतो, सृष्टिधार महतो, उपेंद्र सिंह, रोहित कुमार पटेल, धनेश्वर महतो, सेवालाल महतो, विमला देवी, सर्वेश, भागीरथ आदि उपस्थित थे।

# अंचल कार्यालय का घेराव और प्रदर्शन 18 को

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अंचल के चतरा मौजा में खतियानी रैयतों की जमीन को हेराफेरी कर नामांतरण कर दिए जाने और हाईकोर्ट में मामला लंबित रहने के बावजूद पुनः किसी अन्य के नाम पर म्यूटेशन कर दिए जाने के खिलाफ 18 फरवरी को ग्रामीण रैयत अनगड़ा अंचल कार्यालय का घेराव एवं प्रर्दशन करेंगे। इसकी लिखित सूचना अंचल सह प्रखंड कार्यालय, थाना प्रभारी, डीसी एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी रांची को दे दी गई है।

# श्रद्धालुओं का जत्था महाकुंभ के लिए रवाना

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के प्रेमनगर स्थित शिव शक्ति हनुमान मंदिर परिसर से गुरुवार को समाजिक कार्यकर्ता राज मोहन महतो के नेतृत्व में नगड़ी देवरी साहेर बरसा प्रेमनगर सहित आसपास गांवों के 65 श्रद्धालुओं का जत्था प्रयागराज महाकुंभ के लिए रवाना हुआ। नगड़ी जिप सदस्य पूनम देवी और



सामाजिक कार्यकर्ता बजरंग महतो ने भगवा झंडा दिखा कर श्रद्धालुओं को रवाना किया। नेतृत्वकर्ता अशोक ठाकुर, कृष्णा महतो और राज मोहन महतो ने बताया कि 10 दिवसीय धार्मिक जत्था सबसे पहले कुंभ मेला पहुंचेगी। वहां से विंध्याचल धाम की यात्रा करने के बाद भगवान राम के जन्मस्थली अयोध्या में श्रीराम मंदिर का दर्शन करने के बाद बनारस में बाबा काशीनाथ के दर्शन कर वहां से रांची की ओर रवाना हो जायेगी।

